**B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION**
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**ANNUAL EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI (SET-A)**

Class : VIII — Duration : 3.00 Hrs
Date :12.03. 2026 — Max. Marks : 80
Admission No.: — Roll No.:

---

सामान्य निर्देश :-

1 इस प्रश्न पत्र में चार खंड है क, ख, ग, घ।
2 खंड क में अपठित गद्यांश से पूछे गए प्रश्न है।
3 खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं।
4 खंड ग पाठ्य पुस्तक पर आधारित है।
5 खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है।
6 यथासंभव सभी करो के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए|
7 प्रश्न पत्र में कुल 20 प्रश्न हैं,सभी प्रश्न अनिवार्य है।

---

खंड क ( अपठित बोध)

प्रश्न 1 ) अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

आदमी की पहचान उसकी भाषा से होती है और भाषा संस्कार से बनती है - जैसे संस्कार होंगे वैसी उसकी भाषा होगी जब कोई आदमी भाषा बोलता है तो साथ में उसके संस्कार भी बोलते हैं । यही कारण है कि भाषा शिक्षण का दायित्व बहुत गुरुत्व और चुनौती पूर्ण है । परंपरागत रूप में शिक्षक की भूमिका इन तीन कौशलों बोलना पढ़ना और लिखना तक सीमित कर दी गई है । केवल यांत्रिक कौशल किसी जीती जागती भाषा का उदाहरण नहीं हो सकते हैं सोचने और महसूस करना दो ऐसे कारक है। जिनमें भाषा सही आकार पाती है । इसके बिना भाषा भाषा नहीं है। इनके बिना भाषा संस्कार नहीं बन सकती, उनके बिना भाषा युगों युगों का लंबा सफर तय नहीं कर सकती, उनके बिना कोई भाषा किसी देश या समाज की धड़कन नहीं बन सकती । केवल संप्रेषण ही भाषा नहीं है दर्द और मुस्कान के बिना कोई भाषा जीवंत नहीं हो सकती । भाषा हमारे समाज के निर्माण विकास अस्मिता सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का भी महत्वपूर्ण साधन है । भाषा के बिना मनुष्य पूर्ण नहीं है । भाषा में ही हमारे भाव राज्य संस्कार प्रांतीयता झलकती है। इस झलक का संबंध व्यक्ति की मानवीय संवेदना और मानसिकता से भी होता है । जिस व्यक्ति के जीवन का उद्देश्य और मानसिकता जिस स्तर की होगी उसकी भाषा के शब्द और मुख्य अर्थ भी उसी स्तर के होंगे । साहित्यकार ऐसी भाषा को आधार बनाते हैं जो उनके पाठको एवं श्रोताओं की संवेदना के साथ एक होकर प्रभावित करने में समर्थ हो।

1) आदमी की पहचान उसकी भाषा से होती है क्योंकि- (1 अंक)

क) मनुष्य की पूर्णता भाषा द्वारा ही संभव है ।
ख) व्यक्ति के मनोभाव भाषा से ही व्यक्त होते हैं ।
ग) भाषा का प्रचार और विकास कोई रोक नहीं सकता ।
घ) दर्द और मुस्कान के बिना भाषा जीवित नहीं हो सकती ।

2) कथन और कारण को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों का सही चयन कीजिए। (1 अंक)

कथन (A) जब कोई आदमी बोलता है, तो साथ में उसके संस्कार भी बोलते हैं।

कारण (R) भाषा शिक्षक का दायित्व बहुत चुनौती पूर्ण होता है ,क्योंकि उसे कौशलों का विकास करना होता है।

क) कथन A तथा कारण R दोनों गलत हैं।

ख) कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।

ग) कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ) कथन A तथा कारण R दोनों सही है तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

3) साहित्यकार द्वारा किए गए कार्य का उल्लेख इनमें से कौन से विकल्प से ज्ञात होता है ? (1 अंक)

क) साहित्य समाज का दर्पण है।

ख) साहित्यकार साहित्य सृजन में व्यस्त रहता है।

ग) साहित्यकार सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान बनाता है ।

घ) साहित्यकार जन सामान्य की अस्मिता का परिचायक होता है।

4) दर्द और मुस्कान के बिना कोई भाषा जीवंत क्यों नहीं हो सकती? (2 अंक)

5) भाषा को सही आकार कब मिलता है? (2 अंक)

प्रश्न 2 ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

कम उम्र में स्क्रीन पर अधिक से अधिक समय बिताना बच्चों के लिए बेहद हानिकारक है। अब तक तो टीवी या कंप्यूटर ही था जिसे माता-पिता या घर के बड़े लोग नियंत्रित कर सकते थे, मगर मोबाइल अब तो हाथ में होता है उस पर कितना समय बिताया यह आसानी से पता नहीं चलता। फिर यदि यह पढ़ाई का हिस्सा हो तब कोई रोक-टोक भी कैसे की जा सकती है। एक वक्त था जब स्कूल में बच्चों के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध था, लेकिन महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों ने बच्चों और स्मार्टफोन की दूरी हटा दी। उन दिनों माता-पिता ऐसी शिकायत करते हुए पाए गए कि आखिर 24 घंटे वे कैसे नजर रख सकते हैं कि बच्चे क्या देख रहे हैं ? ऐसी रिपोर्ट भी आई है कि अपने देश में बच्चे सबसे अधिक फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं। गलत वेबसाइटों पर जाकर तथा उसे देखकर कई बच्चे ऐसे ऐसे अपराध करने लगे हैं जिनके बारे में पहले सुना भी नहीं जाता था। समय आ गया है कि बच्चों के गैजेट्स इस्तेमाल करने को लेकर एक सुस्पष्ट सलाह के साथ देश में जागरूकता अभियान चलाया जाए। यदि समय के साथ प्रतिस्पर्धा करनी है तो इन्हें नई-नई तकनीक से दूर नहीं किया जा सकता मगर एक संतुलन भी आवश्यक है।

1) गद्यांश में कंप्यूटर की तुलना में मोबाइल को अधिक हानिप्रद क्यों माना गया है? (1 अंक)

क )इसका स्क्रीन छोटा होने के कारण आंखों पर बुरा असर पड़ता है ।

ख) इसका स्क्रीन छोटा होने के कारण इसका रेडिएशन भी अधिक होता है।

ग ) छोटा होने के कारण इस पर बीते समय का हिसाब नहीं रखा जा सकता।

घ ) छोटा होने के कारण इसके गुम हो जाने पर इसे खोजना मुश्किल होता है।

2) टैब और मोबाइल पर रोक लगाने में सबसे बड़ी बाधा क्या है? (1 अंक)

क) माता-पिता तथा अभिभावकों का शिक्षित ना होना ।

ख ) टैब और मोबाइल का पढ़ाई का हिस्सा होना ।

ग ) रोक लगाने के उपायों की जानकारी ना होना ।

घ ) बच्चों का टैब और मोबाइल का आदी होना ।

3) कथन और करण को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों का सही चयन कीजिए। (1 अंक)

कथन (A) गैजेट्स के इस्तेमाल को लेकर एक जागरूकता अभियान आवश्यक है।

कारण (R )गैजेट्स वर्तमान में शिक्षा व्यवस्था का एक अहम हिस्सा है।

क )कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।

ख )कथन A सही है लेकिन कारण R गलत है।

ग )कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।

घ) कथन A तथा कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या है।

4) करोना महामारी के समय मोबाइल का उपयोग क्यों बढ़ गया था ? (2 अंक)

5) गैजेट्स के अधिक इस्तेमाल से बच्चों पर क्या गलत प्रभाव पड़ा ? (2 अंक)

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण (अंक 16)

प्रश्न 3) निम्न में से किसी दो शब्दों के विलोम शब्दलिखिए- (2 अंक)

1 ) अमृत 2) वरदान। 3) मौखिक

प्रश्न 4) निम्न में से किसी दो शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए- (2 अंक)

1) आँख 2) सेवक 3) कमल

प्रश्न 5 ) निम्न में से किसी दो शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए- (2 अंक)

1) कनक 2) घन। 3) काल

प्रश्न 6 ) किसी एक शब्द का लिंग बदलिए- (1 अंक)

1) महोदया 2) बालक

प्रश्न 7 ) किसी एक शब्द का वचन बदलिए- (1 अंक)

1) चूहे 2) गाड़ी

प्रश्न 8) संधि विच्छेद कीजिए - (कोई 2) (2 अंक)

1) विद्यालय 2) सूर्योदय 3) महात्मा

प्रश्न 9) समास विग्रह कीजिए - (कोई 2) (2 अंक)

1) पीताम्बर 2) नीलगगन 3) राजमहल

प्रश्न 10) निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई 4) (4 अंक)

1) बच्चे ध्यानपूर्वक पढ़ रहे हैं। (क्रिया विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए)

2) धीरज सुबह से शाम तक खेलता रहा ।(क्रिया विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए)

3) मेरे घर के सामने एक बड़ा बगीचा है। (संबंध बोधक अव्यय शब्द छाँटकर लिखिए)

4) पिताजी को फल खरीदना था इसलिए वे बाजार गए। (समुच्चय बोधक अव्यय छाँटकर लिखिए)

5) शाबाश! तुमने बहुत बहादुरी का काम किया । (विस्मयादिबोधक अव्यय छाँटकर लिखिए)

## खंड ग (पाठयपुस्तक)

प्रश्न 11) पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए -

लाला झाऊलाल को खाने पीने की कमी नहीं थी। काशी के ठठेरी बाजार में मकान था । नीचे की दुकानों से ₹100 रूपए मासिक के करीब किराया आ आता था। अच्छा खाते थे, अच्छा पहनते थे, पर ढाई सौ रुपए तो एक साथ आँख सेंकने के लिए भी न मिलते थे, इसलिए जब उनकी पत्नी ने एक दिन एकाएक ढाई सौ रुपए की माँग पेश की तब उनका जी एक बार जोर से सनसनाया और फिर बैठ गया, उनकी यह दशा देखकर पत्नी ने कहा - डरिए मत। आप देने में असमर्थ हों तो मैं अपने भाई से माँग लूँ। लाल झाऊलाल लिलमिला उठे। उन्होंने रोब के साथ कहा - अजी हटो ! ढाई सौ रुपए के लिए भाई से भीख माँगोगी मुझसे ले लेना।

1) लाल झाऊलाल का मकान कहाँ था? (1 अंक)

क)सोनार बाजार में ख)ठठेरी बाजार में

ग) दाल बाजार में घ) कहीं नहीं

2) लाला को दुकानों से कितना किराया आता था? (1 अंक)

क)100 रू ख )200 रू

ग) 500 रू ग) एक हजार रुपए

3 ) आँख सेकने का अर्थ क्या है? (1 अंक)

क )सुंदर वस्तु को देखते रहना । ख) गरम पानी से धोना।

ग )आँखो की मसाज करना। घ) आँखों को आराम देना।

4 ) लाला झाऊलाल की पत्नी कहाँ से पैसे लाना चाहती थी ? (1 अंक)

क)अपने भाई से ख)अपने पिताजी से

ग) अपनी बहन से घ)अपनी भाभी से

5 कथन और करण को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए । (1 अंक)

कथन (A) लाला झाऊलाल अपनी पत्नी को पैसे नहीं देना चाहते थे ।

कारण(R) लाला झाऊलाल के पास पैसे नहीं थे।

क) कथन A सही है किंतु कारण R गलत है

ख) कथन A गलत है किंतु कारण R सही है।

ग )कथन A और कारण R दोनों सही हैं।

घ) कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।

प्रश्न 12 किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए (अंक 6)

क) बहरमन की मृत्यु कैसे हुई ?

ख) रामप्रसाद बिस्मिल ने माताओं की माता किसे कहा है? क्यों ?

ग) अष्टावक्र के अनुसार कौन ब्रह्मज्ञानी कहलाते हैं ?

घ) नीलकंठ का अंत कैसे हुआ ?

प्रश्न 13 पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -

तुलसी मीठे वचन ते सुख उपजत चहुँओर।
वशीकरण एक मंत्र है परिहरु वचन कठोर।।

1) मीठे वचन से क्या लाभ होता है? (1 अंक)

क) लोग पैसे देते हैं। ख) घर देते हैं।

ग) लड़ाई करते हैं। घ) सुख मिलता हैं।

2) 'परिहरु 'का क्या अर्थ है? (1 अंक)

क) त्याग देना ख) अपना लेना

ग) अपशब्द बोलना घ) मीठा बोलना

3)लोगों को अपने वश में कैसे किया जा सकता है? (1 अंक)

क) चापलूसी करके ख) धमका कर

ग) मीठा बोलकर घ) उपहार देकर

4) कथन A तथा कारण R पढ़कर सही विकल्प चुनिए। (1 अंक)

कथन (A) मीठे वचन से चारों ओर सुख फैलता हैं।

कारण (R ) लोगों को वश में करने के लिए कठोर बनना पड़ता है।

क) कथन A तथा कारण R दोनों सही है।

ख) कथन A सही है लेकिन कारण R गलत है।

ग) कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।

घ) कथन A और कारण R दोनों गलत हैं।

5) इस दोहे के रचयिता कौन है? (1 अंक)

क) संत सूरदास ख) संत कबीरदास

ग) संत तुलसीदास घ) संत रामदास

प्रश्न 14) निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (6 अंक)

1) कवि भारत का यश क्यों गाना चाहते हैं?

2) कवि ने व्यक्ति का पतन कब माना है?

3) कभी मिट्टी की हार क्यों नहीं चाहते?

4) गंगा नदी को पावन कलकल धारा क्यों कहा है?

प्रश्न 15) मूल्यपरक प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए - (3 अंक)

1) हमारी प्राचीन धरोहर बच्चों में लोकप्रिय हो इसके लिए आप क्या कर सकते हैं?

2) अपने देश की उन्नति के लिए आप किस प्रकार सहयोग करेंगे?

## खंड घ (लेखन कौशल)

प्रश्न 16) विचार बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए (5 अंक)

1 समय का सदुपयोग

संकेत बिंदु - * समय निरंतर चलता रहता है * समय का उचित उपयोग
* किसी के लिए रुकता नहीं * समय के सदुपयोग से लाभ

2 मेरा भारत महान

संकेत बिंदु - *प्राचीनतम सभ्यता एवं संस्कृति * भौगोलिक रचना
* प्राकृतिक सौंदर्य *विभिन्नता में एकता
*गौरवशाली इतिहास

3 जीवन में खेलकूद का महत्व

संकेत बिंदु - *भूमिका *शारीरिक विकास
* विविध लाभ *भाईचारे की भावना
* वर्तमान स्थिति * उपसंहार

प्रश्न 17 पिताजी को परीक्षाओं की तैयारी के विषय में बताते हुए पत्र लिखिए। (5 अंक)

अथवा

बढ़ते हुए अपराधों की रोकथाम के लिए थाना अध्यक्ष को पत्र लिखिए।

प्रश्न 18 विद्यालय में बढ़ती अनुशासनहीनता को लेकर प्रधानाचार्य और अध्यापक के मध्य वार्तालाप को संवाद के रूप में लिखिए (5 अंक)

अथवा

मोहल्ले में फैली गंदगी को लेकर दो पड़ोसियों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

प्रश्न 19 विद्यालय में होने वाले पुस्तक मेले के प्रचार प्रसार हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए। (5 अंक)

अथवा

भारत सरकार की ओर से जल बचाओ अभियान हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 20 निम्न चित्र को देखकर 50 से 60 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए- (5 अंक)




************ शुभकामनाएँ **************